-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.02.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे जाने के हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में भारी पुलिस बल के साथ किया गया पैदल गश्त।**
- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा व सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा शहर क्षेत्र/रेलवे स्टेशन/भीड़-भाड़ वाले आदि स्थानो में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर आमजन से किया गया संवाद।**

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी होली तथा रमजान आदि त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे जाने के दृष्टिगत आज दिनांक 27.02.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सिटी मजिस्ट्रेट श्री संदीप केला बांदा द्वारा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थलों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन एवं भीड़-भाड़ वाले आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, साथ में अतिक्रमण भी हटवाये गए। इस दौरान लोगों से बातचीत कर उन्हे सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्वक और सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई।